# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

## प्रादेशिक समाचार

**दिनांकः 07.01.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित भारत–जी राम जी योजना को ग्रामीण रोज़गार और आजीविका सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।**
- **राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारी सम्मेलन कल से जयपुर में शुरू होगा।**
- **प्रदेश में हाड़ कंपाने वाली सर्दी का ज़ोर–25 ज़िलों के स्कूलों में 8वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए 10 जनवरी तक अवकाश घोषित।**
- **नई दिल्ली में होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में राजस्थान से लगभग 100 युवा हिस्सा लेंगे।**

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी अधिनियम–वीबी जी राम जी योजना ग्रामीण रोजगार और आजीविका सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। श्री शर्मा आज शाम मुख्यमंत्री कार्यालय में इस योजना को लेकर मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुरानी मनरेगा से कोई सामाजिक और आर्थिक लाभ नही हो रहा था। इस योजना में विभिन्न खामियों के कारण जनता के पैसे का सही उपयोग नही हो पा रहा था।

.....................

श्री शर्मा ने कहा कि वीबी–जी राम जी कानून से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई और गुणवत्तापूर्ण संपत्तियों का निर्माण हो सकेगा। यह कानून ग्रामीण रोजगार नीति को विकसित भारत के रोडमैप से जोड़ेगा और राजस्थान को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा। अब सालाना रोजगार की कानूनी गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत जल संसाधन, मुख्य ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका अवसंरचना और आपदा प्रबंधन से जुड़े ठोस और टिकाऊ कार्य कराए जाएंगे।

.......................

मुख्यमंत्री ने कहा कि जियो–टैगिंग, सैटेलाइट इमेजरी, मोबाइल एप और एआई जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। हर छह माह में डिजिटल तथ्यों के साथ सोशल ऑडिट अनिवार्य होगी। इसके साथ ही, निश्चित समय–सीमा वाली डिजिटल बहुस्तरीय शिकायत निवारण प्रणाली और जिला लोकपाल की व्यवस्था भी की गई है।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे का मजबूत होना आवश्यक है। वे आज जयपुर के विद्याधर नगर क्षेत्र में नौ करोड़ पचासी लाख रुपये की लागत से सड़क और रोड लाइट निर्माण कार्यों का शिलान्यास कर रही थीं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं और पिछले दो वर्षों में अपराध दर में उन्नीस प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों से स्थानीय आवागमन सुगम होगा और औद्योगिक क्षेत्र के व्यापार को नई गति मिलेगी। उन्होंने आमजन से विकास की इस प्रक्रिया में सहभागी बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और उद्यमी उपस्थित रहे।

000

विधानसभा में सवाल पूछने के बदले रिश्वत लेने के मामले में आज जयपुर में विधानसभा की विशेष समिति की बैठक आयोजित हुई। समिति के सभापति कैलाश वर्मा ने बताया कि बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल पर लगे आरोप काफी गंभीर हैं और समिति इस पूरे मामले का बारीकी से अध्ययन कर रही है। उन्होंने कहा कि समिति इस समय मामले पर अनुसंधान कर रही है और अब तक प्राप्त हुई रिपोर्ट समिति की गोपनीयता का हिस्सा है।

000

राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारी सम्मेलन कल से जयपुर में शुरू होगा। राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित होने वाले इस दो दिन के सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक और रेंज आईजी शामिल होंगे। इस दौरान पुलिस कार्यप्रणाली को आधुनिक और तकनीक सक्षम बनाने के साथ ही कानून–व्यवस्था को मजबूत करने पर मंथन किया जाएगा। सम्मेलन में रायपुर में हुई राष्ट्रीय डीजी–आईजी कॉन्फ्रेंस के निर्णयों को प्रदेश में लागू करने का रोडमैप तैयार होगा। इस दौरान विभिन्न सत्रों में साइबर अपराध की रोकथाम, महिला सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी उपायों पर वरिष्ठ अधिकारी अपनी प्रस्तुति देंगे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण के लिए पुलिसिंग को अधिक जन–केंद्रित और प्रभावी बनाना है।

000

प्रदेष में हाड़ कंपाने वाली ठण्ड, शीतलहर और गलन से जनजीवन प्रभावित है। आज जयपुर, कोटा, बीकानेर, अजमेर, भतरपुर और उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में घने से अति घना कोहरा रहा और कोल्ड–डे दर्ज किया गया। सबसे ठण्डा दिन झुन्झुनूं के पिलानी में दर्ज हुआ। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में चार से आठ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीं अधिकतर हिस्सों में दिन के तापमान में भी गिरावट आयी है। अधिकांष स्थानों पर रात का पारा 4 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ। सिरोही के माउंट आबू में पारा लुढ़क कर माईनस एक डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। हमारे सिरोही संवाददाता ने बताया कि वहां आज सुबह बर्फ की हल्की परत देखी गयी।

.....................

इस बीच समूचे राज्य में घनी धुंध से हवाई सड़क और रेल यातायात पर असर पड़ा हैं। जयपुर एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी कम होने से 8 उड़ाने देरी से रवाना हुई। वहीं कई रेलगाड़ियां भी अपने निर्धारित समय से देर से चल रही है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए 25 जिलों में स्कूलों में 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 10 जनवरी तक अवकाष रखा गया है। मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिन राज्य के कुछ क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाय रहने और बहुत ठण्डा दिन दर्ज होने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान में अगले 48 घंटों के दौरान कोल्ड–डे की स्थिति बनी रह सकती है तथा उत्तरी क्षेत्रों में शीतलहर चलने की आषंका है।

000

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' में राजस्थान के लगभग 100 युवा हिस्सा लेंगे। जयपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेन्स में 'माय भारत' के राज्य निदेशक कृष्ण लाल ने बताया कि यह दल कल राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से संवाद के बाद दिल्ली के लिए रवाना होगा।

............................

9 से 12 जनवरी तक चलने वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के समापन समारोह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान देश के युवाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य राष्ट्रीय हस्तियों के साथ संवाद करने का अवसर मिलेगा। राजस्थान के प्रतिभागी लोक कला और तकनीकी नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के संकल्पों को प्रदर्शित करेंगे।

000

उदयपुर में कल से सहकारिता मंत्रालय की जोनल रिव्यू कॉन्फ्रेन्स आयोजित की जा रही है। इसमें सहकारिता के क्षेत्र में केन्द्र सरकार और राज्यों की ओर से चलाई जा रही विभिन्न पहलों की समीक्षा की जायेगी। इसके साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। सहकारिता विभाग की शासन सचिव और रजिस्ट्रार आनंदी ने बताया कि दो दिन की इस कॉन्फ्रेंस में देश के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सहकारिता विभाग के सचिव और रजिस्ट्रार शामिल होंगे। इस दौरान सहकार सारथी, आधार सीडिंग, डिजिटल भुगतान और डोर स्टेप बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर चर्चा की जायेगी।

000

असम के गुवाहाटी में कल से कपड़ा मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। दो दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य वर्ष 2030 तक भारत को वैश्विक वस्त्र हब बनाना और नीति, निवेश तथा नवाचार पर चर्चा करना है। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में राज्यों के वस्त्र मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी निर्यात को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे के विकास और हथकरघा के संरक्षण पर विचार–विमर्श करेंगे। इस दौरान उत्तर–पूर्वी राज्यों के विशेष वस्त्र उत्पादों और महिला केंद्रित उद्यमों को सशक्त बनाने पर भी केंद्रित सत्र आयोजित किए जाएंगे।

000